an>

Title: Need to set up an LPG agency in Ghansali and district headquarters in Tehri Garhwal district, Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) ः मेरे संसदीय क्षेत्र टिहरी के घनसाली विकास खण्ड भिलंगना सहित पट्टी मंदार के सैकड़ें गांवों के लोग रसोई गैस आपूर्ति न होने से परेशानी झेल रहे हैं। विनयखाल, मंदार, बूढ़ाकेदार, घुत्तू, अखोडी, कोटी फैगुल आदि क्षेत्रों में पिछले तीन माह से गैस आपूर्ति नहीं हुई है। इन क्षेत्रों की एकमात्र गैस एजेंसी घनसाली में है जिसके पास लगभग 24 हज़ार रसोई गैस उपभोक्ता कनेक्शन हैं। यह एजेंसी विकास खण्ड भिलंगना, प्रताप नगर के क्षेत्र में शामिल है। इसमें लमगांव, प्रताप नगर, मंदार, माझभ, दो धारा, धाराकोट, पट्टी, रजाखेत के प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं। यहां की एजेंसी के पास बहुत लंबा क्षेत्र शामिल है। एजेंसी के गोदाम से प्रतिदिन लगभग 200 गैस सिलेण्डरों की खपत है। इस कारण भी इण्डेन गैस एजेंसी पूरे क्षेत्र में समय पर गैस आपूर्ति नहीं कर पा रही है जिसके कारण क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि टिहरी जिला मुख्यालय तथा चमियाला, जनपद उत्तरकाशी में धनारी एवं गाजणा, जनपद देहरादून में सहस्रधारा क्षेत्र में जनता की परेशानी को ध्यान में रखते हुए एक-एक गैस एजेंसी स्वीकृत की जाए, जिससे लोगों को समय पर गैस मिल सके।